# न्यूजीलैंड महिला टीम का दबदबा, जिम्बाब्वे को 200 रन से हराकर 3-0 से जीती वनडे सीरीज



**डुनेडिन।** न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ चल रही 3 वनडे मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली है। बुधवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेले गए तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 200 रन के बड़े अंतर से हरा दिया।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। कप्तान अमेलिया केर और एम्मा मैक्लियोड ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। एम्मा 29 गेंद पर 16 रन बनाकर आउट हुईं। केर ने दूसरे विकेट के लिए इजी शार्प 25 के साथ 42 रन की साझेदारी की। तीसरे विकेट के लिए केर और मैडी ग्रीन के बीच 60 रन की साझेदारी हुई। टीम का स्कोर जब 156 था, कप्तान केर 80 रन की पारी खेलकर आउट हुईं। 106 गेंदों की पारी में केर ने 10 चौके लगाए।

ग्रीन और हालिडे ने चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी से टीम का स्कोर 266 तक पहुंचा दिया। हालिडे 40 गेंदों पर 1 छक्का और 3 चौके की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुईं। इसी स्कोर पर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका भी लगा। ग्रीन शतक का मौका चूक गईं और 73 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 94 रन की बेहतरीन पारी खेलकर आउट हुईं। जेस केर 9 गेंदों पर 13 और विकेटकीपर इजी गेज 11 गेंदों पर 18 रन बनाकर नाबाद रहीं।

304 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम 27.1 ओवर में 103 रन पर सिमट गई और 200 रन के बड़े अंतर से मैच हार गई। जिम्बाब्वे के लिए लोरिन ताशुमा 34 रन बनाकर श्रेष्ठ स्कोरर रहीं। न्यूजीलैंड के लिए गेंदबाजी में भी कप्तान अमेलिया केर ने शानदार प्रदर्शन किया और 3.1 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट लिए। रोजमेरी मायर को 2, जेस केर, ब्रिएर्न इलिंग और नैंसी पटेल को 1-1 विकेट मिले। अमेलिया केर प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज रहीं।




# जेएन भाया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले

**भोपाल।** मप्र क्रिकेट संघ की जेएन भाया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता, जो भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेली जा रही है, में बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले खेले गए।

पहले मैच में उज्जैन ने ग्वालियर को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। ग्वालियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 190 रन बनाए। पार्थ चौधरी ने 47 गेंदों में 83 रन की शानदार पारी खेली। जवाब में उज्जैन ने 18.5 ओवर में 3 विकेट पर 192 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पार्थ साहनी ने 57 गेंदों में नाबाद 114 रन की शानदार पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच बने। दूसरे मुकाबले में शहडोल ने चंबल को 112 रन से हराया। शहडोल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 188 रन बनाए, जिसमें अक्षत द्विवेदी ने 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंबल की टीम 76 रन पर सिमट गई। अक्षत द्विवेदी को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

तीसरे मैच में जबलपुर ने रीवा को 37 रन से पराजित किया। जबलपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में रीवा की टीम 148 रन ही बना सकी। पौरुष मंडल और वंदित जोशी ने तीन-तीन विकेट लिए। चौथे मुकाबले में भोपाल ने नर्मदापुरम को 4 विकेट से हराया। नर्मदापुरम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 233 रन बनाए, जिसमें यश दुबे ने 129 रन बनाए। भोपाल ने 234 रन का लक्ष्य हासिल करते हुए 6 विकेट पर जीत दर्ज की। ओजस्व यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पांचवें मैच में इंदौर ने सागर को 91 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

### प्री-क्वार्टर फाइनल के पहले लीग में बड़ी बढ़त, ग्रीजमैन और अल्वारेज के गोल से मिली जीत

# चैंपियंस लीग में एटलेटिको मैड्रिड का दमदार प्रदर्शन, टोटेनहम को 5-2 से हराया



**मैड्रिड।** एटलेटिको मैड्रिड ने मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में अपने अंतिम-16 मुकाबले के पहले लीग में टोटेनहम हॉटस्पर को 5-2 से हराकर चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया।

टोटेनहम के 22 साल के एंटोनिन किंस्की की एक गलती ने छठे मिनट में एटलेटिको को बढ़त दिला दी जब वह पीछे से गेंद को बाहर खेलने की कोशिश में फिसल गए। इससे मार्कोस लोरेंटे को आसानी से गोल करने का मौका मिल गया।

मिकी वैन डे वेन की एक और गलती से एंटोनी ग्रीजमैन 14वें मिनट में गोल करने के लिए आसानी से आगे निकल गए। इससे एटलेटिको की बढ़त दोगुना हो गई। किंस्की की तरफ से एक और गलती हुई जिसका फायदा जूलियन अल्वारेज ने उठाया।

17वें मिनट में टोटेनहम के कोच ट्यूडर ने किंस्की की जगह गुग्लिल्मो विकारियो को उतारा। 22वें मिनट में जब ग्रीजमैन की फ्री किक को फ्लिक किया गया तो विकारियो ने तुरंत रिएक्ट किया, लेकिन रॉबिन ले नॉर्मैंड ने रिबाउंड पर हेडर मारकर स्कोर 4-0 कर दिया। चार मिनट बाद पाब्लो पोरो ने टोटेनहम के लिए एक गोल वापस कर दिया। एटलेटिको के गोलकीपर जान ओब्लाक ने 55वें मिनट में रिचर्डसन को रोकने के लिए एक सेव किया और स्कोर 4-2 कर दिया। इसके बाद एटलेटिको ने चार गोल की बढ़त वापस पा ली, जब ग्रीजमैन ने अल्वारेज को रिलीज किया, जो टोटेनहम के डिफेंस को भेदकर 5-1 से आगे निकल गया। डोमिनिक सोलांके ने टोटेनहम के लिए दूसरा गोल कर दिया। एटलेटिको ने मैच 5-2 से जीता। टोटेनहम के कोच इगोर ट्यूडर ने मैच से पहले कहा था कि वह यूरोपियन प्रोग्रेस से ज्यादा प्रीमियर लीग में बने रहने को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनकी टीम की शुरुआत बहुत खराब रही क्योंकि एटलेटिको 22 मिनट के बाद 4-0 से आगे था।

# इंडियन फुटबॉल लीग की पहचान को मिली मजबूती, स्टार सीमेंट बना टाइटल स्पॉन्सर

**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) और स्टार सीमेंट ने बुधवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत स्टार सीमेंट इंडियन फुटबॉल लीग ( आईएफएल) 2025-26 सीजन के लिए टाइटल स्पॉन्सर बनेगा। पूर्वोत्तर भारत का अग्रणी सीमेंट ब्रांड और देशभर में तेजी से बढ़ती पहचान रखने वाला स्टार सीमेंट बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विश्वसनीयता, मजबूती और स्थायित्व के लिए जाना जाता है। कंपनी ने खेलों के साथ अपनी ब्रांड पहचान को लगातार जोड़ा है और उत्कृष्टता, दृढ़ संकल्प तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के व्यापक दृष्टिकोण के तहत खिलाड़ियों और खेल पहलों का समर्थन किया है। इस अवसर पर ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल एम. सत्यानारायण ने कहा, स्टार सीमेंट के साथ यह साझेदारी इंडियन फुटबॉल लीग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रतियोगिता की संरचना और व्यावसायिक स्थिरता को मजबूत करने के हमारे प्रयासों के बीच ऐसे सहयोग लीग को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक समर्थन प्रदान करते हैं। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी प्रतियोगिता की पहचान को और ऊंचा उठाने और भारत में फुटबॉल के निरंतर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

स्टार सीमेंट के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रदीप पुरोहित ने कहा, पूर्वोत्तर से जुड़े एक प्रमुख कॉर्पोरेट समूह के रूप में स्टार सीमेंट ने हमेशा ऐसे मंचों का समर्थन करने में विश्वास किया है जो मजबूती, धैर्य और सामुदायिक भावना को दर्शाते हैं। खेल हमारे ब्रांड दर्शन का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है और 'हर घर में स्टार' जैसे अभियानों के माध्यम से हम लगातार खिलाड़ियों और खेल हस्तियों से जुड़े रहे हैं। इंडियन फुटबॉल लीग के साथ हमारी साझेदारी हमारे ब्रांड मूल्यों और लीग की दृष्टि के बीच मजबूत सामंजस्य स्थापित करती है।

# बांग्लादेश की आसान जीत पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया

**ढाका।** बांग्लादेश ने शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में बुधवार को खेले गए पहले वनडे मैच को 8 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान टीम ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से लीड बना ली है। सीरीज के शेष मुकाबले 13 और 15 मार्च को इसी मैदान पर खेले जाने हैं।

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी पाकिस्तानी टीम ने 23 वर्षीय नाहिद राणा की धारदार गेंदबाजी के सामने घुटने टेक दिए। मेहमान टीम 30.4 ओवरों में सिर्फ 114 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और माज सदाकत की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 10 ओवरों में 41 रन जोड़े। साहिबजादा फरहान 38 गेंदों में 4 चौकों के साथ 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद विकेटों का सिलसिला शुरू हो गया।

अगली 8 साझेदारियां दहाई का आंकड़ा भी ना छू सकीं। आलम ये रहा कि पाकिस्तानी टीम 82 के स्कोर तक अपने 9 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से अबरार अहमद ने फहीम अशरफ के साथ अंतिम विकेट के लिए 41 गेंदों में 32 रन जुटाकर टीम को जैसे-तैसे शतक के पार पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से साहिबजादा फरहान के अलावा, माज सदाकत (18), मोहम्मद रिजवान (10) और फहीम अशरफ (37) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।



विपक्षी खेमे से नाहिद राणा ने 7 ओवरों में 24 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 3 विकेट निकाले। तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान के हाथ 1-1 विकेट लगा। इसके जवाब में बांग्लादेशी टीम ने महज 15.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। सैफ हसन ने तंजीद हसन तमीम के साथ पहले विकेट के लिए 16 गेंदों में 27 रन की साझेदारी की। सैफ हसन 10 गेंदों में 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद नजमुल हसन शांतो ने तंजीद के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 गेंदों में 82 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को जीत के करीब पहुंचा दिया। नजमुल शांतो 33 गेंदों में 5 चौकों के साथ 27 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद तंजीद ने लिटन दास के साथ टीम को जीत दिलाई। तंजीद 42 गेंदों में 5 छक्कों और 7 चौकों के साथ 27 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि लिटन ने नाबाद 3 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शाहीन अफरीदी और मोहम्मद वसीम जूनियर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# गुजरात टाइटन्स ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर विजय दहिया को असिस्टेंट कोच बनाया

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन से पहले भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को असिस्टेंट कोच बनाने की आज घोषणा की, जिससे फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और मजबूत होगा।

भारतीय क्रिकेट में एक सम्मानित व्यक्ति, दहिया ने 19 वनडे और दो टेस्ट में देश का प्रतिनिधित्व किया और कोचिंग में आने से पहले दिल्ली के साथ एक सफल घरेलू करियर का आनंद लिया। बाद में उन्होंने 2007-08 सीजन में दिल्ली को रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाया और तब से घरेलू और आईपीएल टीमों में एक मजबूत कोचिंग पोर्टफोलियो बनाया है।

उनकी नियुक्ति हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बैटिंग कोच के रूप में शामिल करने के बाद हुई है, जिससे आने वाले



आईपीएल सीजन से पहले टाइटन्स के कोचिंग ग्रुप को और मजबूती मिली है।

2022 में डेब्यू करने के बाद से, गुजरात टाइटन्स आईपीएल की सबसे लगातार अच्छा खेलने वाली टीमों में से एक बनकर उभरी है। वे अपने पहले चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ़ में पहुँची हैं और अपने पहले सीजन में ही टाइटल जीता है। एक मज़बूत कोचिंग स्ट्रक्चर के साथ, पूर्व चैंपियन अपने मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे क्योंकि आईपीएल 2026 की तैयारियाँ ज़ोर पकड़ रही हैं।

# आरसीबी बनाम एसआरएच मुकाबले से 28 मार्च को बेंगलुरु में शुरू होगा आईपीएल

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डिफेंडिंग चैंपियन, आईपीएल 2026 की ओपनिंग नाइट में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से भिड़ेगी।

सीज़न का ओपनिंग गेम 28 मार्च को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसे हाल ही में कर्नाटक सरकार ने 11 लोगों की दुखद मौत और अनिश्चितता के बाद आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए मंज़ूरी दी थी। पिछले जून में आरसीबी के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान भगदड़ मच गई थी। ओपनिंग वीकेंड का दूसरा गेम मुंबई इंडियंस (एमआई) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। ओपनिंग वीकेंड में डबल-हेडर नहीं होंगे।

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम सहित कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, जहाँ कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के होम ग्राउंड हैं, इसलिए आईपीएल ने टूर्नामेंट का शेड्यूल दो फेज में जारी करने का फैसला किया है। बुधवार को आईपीएल ने पहले फेज़ की घोषणा की जिसमें 20 मैच शामिल हैं, जिसमें 4-5 अप्रैल और 11-12 अप्रैल के वीकेंड में चार डबल-हेडर शामिल हैं।

टूर्नामेंट के इस फेज़ में सभी दस टीमें चार-चार गेम खेलेंगी, लेकिन यह कन्फर्म नहीं हो सका कि टीमों को कैसे ग्रुप किया गया है। हर आईपीएल सीज़न में जिसमें दस टीमें शामिल होती हैं, टीमों को दो वर्चुअल ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें हर टीम अपने ग्रुप की टीमों से दो-दो बार और दूसरे ग्रुप की टीमों से एक-एक बार भिड़ती है।

यह दूसरी बार होगा जब आरसीबी और एसआरएच किसी आईपीएल सीज़न के ओपनिंग मैच में आमने-सामने होंगे। इससे पहले 2017 में ऐसा हुआ था, जब एसआरएच डिफेंडिंग चैंपियन और आरसीबी रनर-अप थी। एसआरएच के लिए, यह आईपीएल ओपनर में उनकी दूसरी मौजूदगी होगी, जबकि आरसीबी के लिए, यह सातवां ऐसा मौका है।

आरआर इस पहले फेज में अपने सीजन का गुवाहाटी लेग खत्म करेगी, जिसमें वेन्यू पर तीन मैच शामिल हैं। उनके बाकी चार होम गेम उनके मेन होम ग्राउंड, जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# सात्विक-चिराग अगले दौर में, गायत्री गोपीचंद-ट्रीसा जॉली हुई रिटायर्ड हर्ट

**बेसल ( स्विट्जरलैंड )।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर के एंग कीट वेस्ली कोह और जुनसुके कुबो को हराकर स्विस ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं हम वतन ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अपने शुरुआती राउंड के महिला युगल मैच के दौरान चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। मंगलवार को बेसल के सेंट जैकबशेल में पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को सिंगापुर के एंग कीट वेस्ली कोह और जुनसुके कुबो को 21-19, 21-19 के स्कोर से हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वहीं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला जोड़ी को शुरुआती गेम में चीनी ताइपे के हू लिंग फैंग और झेंग यू चीह से 7-13 से पीछे चल रहे थे, जब उन्हें बाहर होना पड़ा।

एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग जो इंग्लैंड ओपन से शुरुआती राउंड में बाहर होने के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में आए थे, ने शानदार शुरुआत की, जिसके बाद 45वीं रैंक वाली सिंगापुर की जोड़ी ने वापसी की। 19-19 की बराबरी पर, भारतीय जोड़ी ने गेम खत्म करने के लिए आखिर में ड्राइव किया। दूसरा गेम भी पहले गेम जैसा ही था, जिसमें भारतीयों ने एक बार फिर 19-19 के स्कोर से गेम जीत लिया और इसके साथ ही 40 मिनट तक चला बैडमिंटन मैच भी अपने नाम कर लिया। टॉप सीड सात्विक-चिराग का सामना दूसरे राउंड में जापानी जोड़ी हिरोकी ओकामुरा-क्योहेई यामाशिता से होगा।

# धोनी आईपीएल 2026 में खेलेंगे सभी मैच भूमिका पर फैसला टीम मैनेजमेंट करेगा

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सीईओ कासी विश्वनाथन ने कहा है कि टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी आईपीएल 2026 में सभी मैच खेल सकते हैं। उनके रोल पर आखिरी फैसला टीम प्रबंधन करेगी।

सीएसके सीईओ कासी विश्वनाथ ने कहा कि मेरे हिसाब से धोनी सीजन के सभी मैच खेलेंगे। क्या धोनी अगले सीजन विकेटकीपिंग भी करेंगे? इस सवाल के जवाब में कासी विश्वनाथ ने कहा, यह मैं नहीं कह सकता। यह क्रिकेट का फैसला है जो क्रिकेट स्टाफ लेगा, प्रशासनिक स्टाफ नहीं। इसलिए वे तय करेंगे कि वह बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे या विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर, या एक इम्पैक्ट प्लेयर के तौर



पर। सीएसके ने संजू सैमसन को टीम में शामिल किया है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि संजू बतौर विकेटकीपर मैदान में नजर आ सकते हैं। सीएसके सीईओ ने भारतीय टीम को टी20 विश्व कप 2026 का चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सीएसके के खिलाड़ियों संजू सैमसन और शिवम दुबे की जमकर प्रशंसा की और कहा कि दोनों पर गर्व है।

उन्होंने कहा, हम बहुत खुश हैं कि इंडिया ने वर्ल्ड कप जीता है, वो भी बैक-टू-बैक। हम इसलिए खुश हैं क्योंकि सीएसके दो खिलाड़ी, संजू और शिवम दुबे ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे हमें टीम पर बहुत आत्मविश्वास मिलता है कि वह यहां भी अच्छा करेंगे।

आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने वाली है। सभी 10 टीमों ने आगामी सीजन के लिए तैयारी शुरू कर दी है। हाल ही में खत्म हुए टी20 विश्व कप का हिस्सा रहे खिलाड़ी जल्द ही अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ेंगे।

कैंप में खिलाड़ियों की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अभ्यास अच्छा चल रहा है। अभी तक कोई समस्या नहीं हुई है। टूर्नामेंट का शेड्यूल गुरुवार को घोषित हो सकता है।

# प्रियांश, आंबेकर और साहिल ने भारत के लिए जीत पक्की की

**बैंकॉक।** भारतीय यूथ बॉक्सिंग टीम ने बैंकॉक में वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपना कैंपेन जारी रखा, जिसमें कॉम्पिटिशन के चौथे दिन पुरुषों के ग्रुप ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दी।

सुबह के सेशन में, प्रियांश सेहरावत (70किग्रा) ने भारत के लिए दिन की अच्छी शुरुआत की, और लातविया पर 5-0 से एकमत से जीत हासिल करके टूर्नामेंट में आगे बढ़े।

शाम के सेशन में भारतीय टीम ने दो और ज़बरदस्त जीत हासिल कीं। एल. आंबेकर (50) ने ताजिकिस्तान पर 5-0 से एकमत से जीत हासिल की, जबकि साहिल दुहान (60) ने भी ताजिकिस्तान के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत दर्ज की, और कॉम्पिटिशन में अपना जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखा। इस बीच, अमन सिवाच (65) को दूसरे राउंड में रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) से यूक्रेन के अपने विरोधी से हारने के बाद झटका लगा। 8 से 15 मार्च तक बैंकॉक में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में दुनिया भर के होनहार युवा बॉक्सर यूथ ओलंपिक वेट कैटेगरी में मुकाबला कर रहे हैं, जिससे एथलीटों को कीमती इंटरनेशनल मौका मिलेगा।

**स्पेशल खबर** ईशान किशन करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के साथ दूसरे स्थान पर, संजू सैमसन ने लगाई 18 स्थान की छलांग

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा नंबर-1 बरकरार

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने टी20 बल्लेबाजों की नई रैंकिंग जारी कर दी है। बाएं हाथ के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपना पहला स्थान बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। ईशान किशन ने अपने करियर की बेस्ट रैंकिंग हासिल की है।

आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बरकरार हैं। टी20 विश्व कप 2026 में खराब फॉर्म से गुजरे अभिषेक ने फाइनल में 21 गेंद पर 52 रन की पारी खेली थी। इसी पारी की बदौलत वह अपना शीर्ष स्थान बचाए रखने में कामयाब रहे हैं।

टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 मैचों की 9 पारियों में 317 रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को 2 स्थान का फायदा हुआ है। वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ टी20 रैंकिंग है। ईशान ने भी विश्व कप फाइनल में 25 गेंदों पर 54 रन की पारी खेली थी।

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह तीसरे




स्थान पर चले गए हैं। इंग्लैंड के फिल साल्ट एक स्थान के नुकसान के साथ चौथे स्थान पर चले गए हैं। श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम साइफर्ट को 4 स्थान का फायदा हुआ है। वह छठे स्थान पर हैं।

भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा 1 स्थान के नुकसान के साथ सातवें और डेवाल्ड ब्रेविस आठवें स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का विश्व कप बल्ले से अच्छा नहीं रहा था। उन्हें 2 स्थान का नुकसान हुआ है। वह नौवें स्थान पर हैं, जबकि जोस बटलर एक स्थान के नुकसान के साथ दसवें स्थान पर हैं। बटलर का टी20 विश्व कप भी बेहद निराशाजनक रहा था। इसके अलावा, इंग्लैंड के लिए भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक लगाने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथल को 17 स्थान का फायदा हुआ है। वह 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। फिन एलन 7 स्थान की छलांग लगाते हुए 20वें और भारत के विश्व कप हीरो संजू सैमसन 18 स्थान की छलांग लगाते हुए 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं।